मैं हरिजनों के बारे में प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूँ, मैं विदेश में था, सन् 21 के बाद हम लोग इस देश में आए, लेकिन यहां पर हमारी जिम्मेदारी नेहरू और गांधी ने ले रखी थी, हरिजनोत्थान की जिम्मेदारी ऋषि दयानन्द ने ले रखी थी। आज भी यह शिवनारायण के कन्धों पर नहीं है, प्रधानमंत्री जी के कन्धों पर है। मैं कहना चाहता हूँ, हरिजनों के साथ बड़ा जुल्मो-सितम हो रहा है। अन्त में मैं केवल दो लाइन कह कर खत्म करता हूँ।

न पैमां शिकन हैं न गद्दार हैं हम,
वतन परवरी के खतावार हैं हम ॥

इन चन्द शब्दों के साथ मैं प्रेसीडेंट साहब के ऐड्रस का समर्थन करता हूँ।

श्री एस० एम० जोशी (पूना) : उपाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में कहा है कि ऐसे मौके पर सरकार के लिए यह उचित है कि वह इस वर्ष की वास्तविक स्थिति को सामने रखे और अगले वर्ष में अपनी नीतियों और उद्देश्यों की मोटी रूपरेखा बताए। यह राष्ट्रपति ने अपने भाषण में प्रारम्भ में कहा है। इसकी रोशनी में जब मैं वह भाषण सुनता गया और उसके बाद जब उसको ग़ौर से पढ़ा तो काफी निराशा हुई। वास्तविकता की दृष्टि से तो भाषण खोखला मालूम होता है और अपनी नीतियों के बारे में, यानी आज जो परिस्थिति है उसको सुधारने के लिए जो नीतियां अख्त्यार करनी चाहिएं उसकी दृष्टि से जब मैं देखता हूँ तो यह भाषण बिल्कुल बेजान सा मालूम होता है। हमारे इस देश में आज स्थिति क्या है ? वास्तविक रूप में देश में आर्थिक दृष्टि से और सामाजिक दृष्टि से परिस्थिति अच्छी नहीं है। उसके बारे में सबूत रोजाना हम लोगों को दिखाई देते हैं। उसके निशान हैं मजदूरों की हड़तालें और सरमायेदारों की तरफ से तालाबन्दी, मिलों का बन्द हो जाना, बेरोजगारी का बढ़ना, हमारे विद्यार्थियों में असंतोष, भाषा और प्रान्त को लेकर खूंरेजी और झगड़े। उससे यह पता चलता है कि देश का स्वास्थ्य अच्छा नहीं है। हम लोगों को इसका कोई इलाज जरूर करना चाहिए। इस अभिभाषण में हमें उसका कोई इलाज दिखाई नहीं देता। पहले तो निदान ही ठीक नहीं है, जब निदान ही ठीक न हो तो हकीम नुस्खा क्या लिखेगा। पिछले साल, उपाध्यक्ष महोदय, पुलिस की गोलियों से जितने आदमी मारे गये, उतने शायद ही कुल मिलाकर पिछले 20 सालों में मारे गये होंगे।···

एक माननीय सदस्य : आंकड़े बतलाइये।

श्री एस० एम० जोशी : 100 से ऊपर हैं, किसी भी साल के आंकड़े से मिला लीजिये। बम्बई में 58 आदमी मारे गये। मैंने एक प्रश्न पूछा है, उसका पूरा उत्तर अभी नहीं आया है, लेकिन···

श्री नरेन्द्र कुमार सालवे (बेतूल) : 20 साल में तो बहुत मारे गये होंगे, एक साल में उतने नहीं मारे गये होंगे ?

श्री एस.एम. जोशी : 150 आदमी किस साल में मारे गये ?

श्री मु० आ० खाँ (कासगंज) : कम्यूनल राइट्स में कितने मारे गये ?

श्री एस० एम० जोशी : ठीक है, इस बात को छोड़ दीजिये, लेकिन यह तो सही है न कि इस साल सबसे ज्यादा मारे गये—आप इतना ही मान लीजिये कि इस साल में ज्यादा से ज्यादा आदमी मारे गये। यहां संविद की सरकार या कांग्रेसी सरकारों का सवाल नहीं है, यह देश का सवाल है। हम लोगों को यहां बैठ कर देश के लिये सोचना चाहिये।

मैं तो यह समझता हूँ कि पहले इसका सही निदान होना चाहिये। निदान सही करके अगर हम उसका उपाय सोचते तो शायद रास्ता नजर आ जाता, मगर यहां तो निदान ही अच्छा नहीं हुआ। राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में एक बात और कही है---जिसे वह 20वें परिच्छेद में कहते हैं—

"सरकार को मालूम है कि देश में पूरे तौर से आर्थिक विकास की समस्याओं के हल के लिए राजनीतिक स्थिरता की आवश्यकता है।" यह तो प्राथमिक चीज है। लेकिन जहां तक स्थिरता की आवश्यकता का प्रश्न है, पूरे तौर से क्या, अधूरे तौर से भी नहीं है। राजनीतिक स्थिरता को हम

[श्री एस० एम० जोशी]

कैसे हासिल कर सकते हैं ? प्रधानमंत्रीजी जब दौरे पर गई थीं तो उन्होंने कहा था कि कांग्रेसवाले ही सबल और स्थिर हुकूमत दे सकते हैं, लेकिन मैं बार-बार यह कहता रहा हूँ कि यह नहीं हो सकता। इसलिए नहीं कि आप कांग्रेस की नेता हैं, बल्कि जो उथलपुथल आज अपने देश में है, जो अस्थिरता है, वह अंगभूत है, आर्थिक दृष्टि से देखिये, सामाजिक दृष्टि से देखिये---यह इन्हैरेन्ट है। इसको कैसे दूर किया जाय, यह हम लोगों को सोचना चाहिये।

हम लोगों ने जब आज़ादी पाई और आज़ादी की लड़ाई के दौरान उन दिनों, उपाध्यक्ष जी, आप भी हम लोगों के साथ थे—हम सब लोग कहां जाते थे ? ठीक है आप अब हमसे अलैहदा हो गये हैं, कोई बात नहीं है। गांधीजी ने एक जगह कहा है।

"If you have to follow the path of truth, sometimes even blood brothers may have to part."

जिसको जो रास्ता अच्छा लगेगा, वह उस रास्ते पर जायगा, इसमें मुझे कोई दुख नहीं है, मगर राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण के अन्त में जो कहा है कि "इस तरह से ही हम जनसाधारण की सेवा कर सकेंगे और इस विशाल गणराज्य की जिन महान पुरुषों ने नींव रखी है, उनके वचनों को पूरा कर सकेंगे।" महान् पुरुषों ने कुछ वचन दिये हुए हैं। हम लोगों ने जनता को क्या वचन दिये थे। आज अगर हम लोग राजनीति में लड़ते-झगड़ते हैं, तो इसका कारण भी यही है कि हमें दिये हुए आश्वासनों को पूरा करना है। जब हम जवान थे, लोगों के सामने जाकर कहते थे कि हम ब्रिटिश हुकूमत को यहां से हटाना चाहते हैं ताकि हमारे देश में जो गरीब हैं, उनकी गुरबत को खत्म करने का रास्ता निकल सके, हमारे देश में जो सामाजिक विषमता है उसको दूर कर सकें, इसलिये तुम लोग इकट्ठे हो जाओ, हमारे साथ आजादी की लड़ाई में शामिल हो, जेलखाने जाओ, लाठी खाओ, गोली चले तो हुतात्मा बन जाओ, लेकिन आज़ादी हमको अवश्य प्राप्त करनी चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदय, यह उथल-पुथल सिर्फ भारत में ही नहीं है, हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है, यद्यपि वहां की सरकार हमारे खिलाफ़ है मगर वहां की जनता हमारी दुश्मन नहीं है वह जनता जो उन दिनों में हमारे साथ थी, उसका बहुत सारा अंश हमारे साथ था, बादशाह खां हमारे साथ थे, अयूब खां के खिलाफ लड़ने वाले मुजीबुर्रहमान साहब भाषानी साहब, बादशाह खां के लड़के वली साहब, ये सब हमारे साथ थे, इन सब लोगों के साथ हमने हमारे भारत और पाकिस्तान की जनता को एक आश्वासन दिया था, लेकिन उस आश्वासन को हम पूरा नहीं कर सके, वहां भी पूरा नहीं कर सके मुझे दुःख है कि वहां भी इतनी ही उथल-पुथल हुई है। मगर वह लड़ रहे हैं अपने लोकतन्त्र के लिये।

हमारे यहां बहुत सारे लोग ऐसे ही मजाक में कह देते हैं कि इस देश में तानाशाही होनी चाहिये। जब पाकिस्तान में अयूब साहब पावर में आये तो लोगों ने कहा कि देखो, इन्होंने करप्शन को कैसे हटा दिया। मगर आज आप देख रहे हैं कि वहां भी लड़ाई जारी है। अयूब की हुकूमत एक फौजी हुकूमत है, इन लोगों ने आजादी की लड़ाई नहीं लड़ी थी, जिन लोगों ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी, उनको लोकतन्त्र की कीमत मालूम है और यही कारण है कि जो तानाशाही आज वहां चल रही है, उसके खिलाफ़ वहां के नौजवान और जनता के नेताओं ने अपनी लड़ाई जारी रखी है और मैं उनको बधाई देता हूँ। जो लोग वहां शहीद हो गये हैं, खास कर वहां जो विद्यार्थी शहीद हुए हैं, नौजवान शहीद हुए है, उन्होंने बहुत

कुछ काम किया है। मैं उन तमाम शहीदों का अभिवादन करता हूं, क्योंकि वे लोकतन्त्र के लिये लड़े हैं।

जब हम कहते हैं कि पाकिस्तान हमारा पड़ोसी है, तो पड़ोसी को भाई की तरह रहना चाहिये लेकिन यह भाई-चारा कैसे पैदा हो सकता है जब कि वहां तानाशाही और यहां लोकतन्त्र का प्रयोग चल रहा है। अगर वहां लोकतन्त्र कायम हो जाता है, तो दोस्ती का रास्ता खुल जाता है, इसलिये मैं उनको बधाई देता हूं। मगर, उपाध्यक्ष महोदय, हमको इसकी जड़ में जाना चाहिये, आखिर जनता नाराज क्यों है, यह असन्तोष क्यों है, स्टेबिल्टी कैसे आयेगी। जब मैं इस पर विचार करता हूं तो मुझे ऐसा लगता है कि इसके दो-तीन कारण हैं। एक कारण आर्थिक है। दूसरा कारण सामाजिक है और तीसरा कारण है राजनीतिक। प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि हमारी हुकूमत 20-22 साल में बहुत परिवर्तन लाई है, हम हर एक क्षेत्र में परिवर्तन लाये हैं—आर्थिक क्षेत्र में परिवर्तन हुआ है, सामाजिक क्षेत्र में परिवर्तन हुआ है, राजनीतिक क्षेत्र में तो हम परिवर्तन देख ही रहे हैं। . . .

श्री हुकम चन्द कछवाय (उज्जैन) : कांग्रेस में भी हुआ है।

श्री एस० एम० जोशी : राजनीतिक का मतलब ही वही है। अब आर्थिक दृष्टि से, उपाध्यक्ष महोदय, हम लोगों ने जनता से क्या कहा था—आजादी के पहले क्या कहा था और आजादी के बाद क्या कर रहे हैं? आजादी के पहले हमने कहा था कि हम गुरबत के साथ लड़ाई लड़ेंगे, आजादी के बाद हमने यह भी कहना शुरू किया—हम गरीबी के साथ युद्ध-स्तर पर लड़ेंगे। इसके लिये हमने पंचवर्षीय योजना बनाई, उसका मकसद हमने बनाया, उसमें चार बातों को अपने सामने रखा—1. हमारी राष्ट्रीय आय बढ़े, 2. हमारे मेहनतकश मजदूरों का जीवन-स्तर ऊंचा हो जाय, 3. गरीबों और अमीरों के बीच की जो खाई है, वह कम हो जाय, और 4. इस देश में जो बेरोजगारी है, उसको खत्म करें, खत्म तो नहीं हो सकती है, लेकिन उसको कम करें। ये चार बातें हमने तय कीं, लेकिन उनमें से कौनसा मकसद हमने पूरा किया?

क्या अमीर और गरीब के बीच की खाई कम हो गई? बेरोजगारी कम हो गई? बेरोजगारी तो रोजाना और बढ़ रही है। आज हमारे 56 हजार इंजीनियर्स बेरोजगार हैं। तकनीकी माहिर भी बेरोजगार हैं। बड़े-बड़े कारखाने बन्द हो रहे हैं। ऐसी हालत में लोग क्या सोचेंगे? यहां ऊंचे जीवन-स्तर को और ऊंचा करने की बात चल रही है लेकिन क्या मेहनतकश मजदूरों का जीवन-स्तर ऊंचा हो रहा है? मैं आपसे कहता हूं कि आपने इस देश में जो पंचवर्षीय योजनायें चलाई उनको हमारे देश की गरीब जनता ने अपने खून से चलाया है। मैं जब कभी किसी देहात के क्षेत्र में जाता हूं तो देखता हूं कि जाड़े के दिनों में लड़के और लड़कियां बैठे हैं, उनके तन पर कपड़ा तक नहीं है। उनको देख कर मुझे ऐसा लगता है कि हमने इन पंचवर्षीय योजनाओं में इन बच्चे और बच्चियों को जाड़े के दिनों में कपड़ों से भी वंचित किया है। नौकरी की बात तो अलग रही, हम उनको झोपड़ी तक नहीं दे सके हैं। लेकिन हम उन लोगों से इनडाइरेक्ट टैक्सेज ले रहे हैं। उसके अलावा नोट भी छपवाते हैं जोकि एक तरह से इनडाइरेक्ट टैक्स ही होता है। इस देश में इनकम टैक्स देने वालों की संख्या तकरीबन 25 लाख होगी। इस देश में मैं समझता हूं एक करोड़ लोग ऐसे होंगे जिनके लिए हम कह सकते हैं कि उनकी स्थिति में सुधार हुआ है। वह वर्ग महाजन लोगों का है। दूसरी तरफ गरीब जनता है जिसको कि महाराष्ट्र में कहा जाता है कि वे बहुजन लोग हैं। इस तरह से 50 करोड़ में से एक करोड़ तो महाजन और 49 करोड़ बहुजन हैं। केवल एक करोड़ लोगों का जीवन-

[श्री एस० एम० जोशी]

स्तर ही ऊंचा जा रहा है। जब हमने हड़ताल की तो हम से कहा गया कि आप ऐसा क्यों कर रहे हैं ? हम तो यही कह रहे थे कि सन् 47 में जो मजदूरी हमको मिलती थी, क्या उसको पाने की भी हम योग्यता नहीं रखते ? क्या आप हमारी मजदूरी उससे भी कम करेंगे ? एक समय यहां पर चर्चा हुई थी, मुझे तो उस समय यहां बैठने का सौभाग्य नहीं था, कि इस देश में जो राष्ट्रीय आय बढ़ी है वह कहां गई ? उसका पता लगाने के लिए एक कमेटी मुकर्रर की जाये। हम तो चाहते हैं कि फुल न्यूट्रलाइजेशन हो जाये ताकि जीवन-स्तर बढ़े। नीडबेस्ड मिनिमम वेज दी जाये, आप फौरन दीजिए तो कम से कम यह मामला पंचों के सुपुर्द कर दीजिए, वे अपना फैसला इस पर दें। लेकिन हमारी बात नहीं मानी गई। इसमें कहा है कि जो कम्पलसरी आर्बिट्रेशन है वही एक रास्ता है। हम नहीं चाहते कि हमारे साथ जो मुआहिदा आपने किया उसको तोड़ा जाये। जे० सी० एम० में आप लोगों ने एग्रीमेन्ट किया था उसके अनुसार सारा काम चलेगा। लेकिन वह नहीं हुआ। स्ट्राइक हुई लेकिन आज इतने दिनों के बाद भी हमारे 9 हजार मजदूरों को बाहर रखा हुआ है। कल मैं होम मिनिस्टर से पूछ रहा था कि जे० सी० एम० में बैठकर आपने जो फैसला किया, उसमें जो प्रतिनिधि थे, क्या वे वास्तव में प्रतिनिधिक थे ? कितने लोग उनके पीछे थे ? अंग्रेज लोग भी ऐसा ही किया करते थे। सन् 1930 में जब राउन्ड टेबिल कान्फ्रेन्स हुई थी तो कांग्रेस ने कहा था कि हम नहीं आयेंगे लेकिन तब उन्होंने और लोगों के साथ बैठकर फैसले किये। लेकिन क्या वे फैसले सारे भारत के फैसले थे ? कांग्रेस जो थी वह तो सारे देश का प्रतिनिधित्व करती थी। दूसरे लोग जो थे वह भी प्रतिनिधि थे लेकिन ज्यादा हकदार कौन था ? ज्यादा हकदार तो कांग्रेस ही थी। इसी तरह से आप लोग भी दूसरे लोगों के साथ बैठकर फैसला कर लें और फिर हमसे कहें कि हमारी बात मान लो, यह कैसे हो सकता है ?

उपाध्यक्ष जी, आज इस देश में आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। रोज हम देखते हैं कि चीजों के दाम बढ़ रहे हैं। ऐसी दशा में लोग अपनी जरूरतों को किस प्रकार पूरा कर सकते हैं ? आज सारे देश में आर्थिक कारण से जो उथल-पुथल है वही हालत पाकिस्तान में भी है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति भी दिन व दिन खराब होती जा रही है। दूसरा कारण जो है, जिस पर मैं ज्यादा जोर देना चाहता हूं, वह है सामाजिक कारण। सामाजिक दृष्टि से हमने कुछ आश्वासन दिये थे जिसका जिक्र शिव नारायण जी ने अभी किया था। महात्मा गांधी कहा करते थे कि इस देश में एक भंगी को भी राष्ट्रपति होने का मौका मिलना चाहिए ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : शिव नारायण जी को बंगाल का गवर्नर बनाया जाये।...(**व्यवधान**)...

श्री एस० एम० जोशी : उपाध्यक्ष जी, यहां पर बार बार कहा जाता है कि हमने लोगों को आश्वासन दिया था कि हम सामाजिक विषमता को नष्ट करेंगे। ऊंची और पिछड़ी हुई जातियों के लोगों में जो खाई है और पिछड़ी जाति के लोगों के लिए उच्च जाति के लोगों के दिलों में जो अप्रतिष्ठा की भावना है उसको समाप्त किया जायेगा। इस जहनियत को बदला जायेगा। मैं इसीलिए डिमोक्रेट हूं कि मैं समझता हूं कि इस जहनियत को बदलने का यही तरीका है कि हम खुद इस चीज को समझें। जब तक उच्च जाति के लोग इस बात को नहीं समझेंगे तब तक समाज में यह उथल-पुथल रहेगी।

उपाध्यक्ष जी, आयाराम और गयाराम की बात यहां सदन में बहुत चलती है लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि नर्मदा के उस पार आयाराम और गयाराम की फसल क्यों नहीं होती है। कुछ थोड़ा सा उधर भी है लेकिन उतना नहीं है जितना कि इस तरफ है। इस तरफ क्यों है, इसका कारण मैं बतलाता हूँ। इसका कारण यह नहीं है कि उत्तर भारत की जनता का एखलाकी गिरावट हो गया है। आप स्वयं नर्मदा के उस पार के इलाके से आते हैं और आप जानते हैं कि अब वहां गवर्नमेन्ट में उच्च जाति के लोगों का वर्चस्व नहीं है। इसी के कारण वहां पर कुछ स्थिरता है। हालांकि वहां पर भी अस्थिरता है, जिस पर मैं बाद में आऊंगा। समय कम होने के कारण मैं तफसील में नहीं जा सकता कि स्थिरता कैसे आ सकती है। लेकिन देश में इसके ऊपर अच्छी तरह से सोच विचार करने की आवश्यकता है। प्रधान मंत्री ने यहां पर कहा कि हमसे सहयोग करो। लेकिन प्रार्थना करने से ही सहयोग कैसे मिल सकता है। मैं कहता हूं कि आपको इसकी जड़ में जाना चाहिए कि यह सब क्यों हो रहा है। मैं ममझता हूं उत्तर भारत में अभी वह सामाजिक क्रांति नहीं आई है। वहां उच्च जाति के लोगों को सोचना चाहिए कि इतने दिनों तक हमने हुकूमत चलाई, अब उन लोगों का जो प्रपोर्शन है और जो उनका मत है, उस हिसाब से उनके हाथ में सत्ता देनी चाहिए। सभी लोगों को इस बात के लिए राजी होना चाहिए। मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब हम संयुक्त महाराष्ट्र की लड़ाई लड़ रहे थे, उस समय बाहर के भी लोग आये हुए थे, ग्रेट ब्रिटेन के एक एक्स-मिनिस्टर थे, लेबर मिनिस्ट्री के, उन्होंने मुझसे पूछा था :

If you get Samyukta Maharashtra of your persuasion, do you think a Brahmin can become Chief Minister of that State ?

मैंने फौरन कह दिया—

"Not for 25 years to come."

25 साल तक नहीं होगा। संयुक्त महाराष्ट्र के माने यही हैं कि जो पहले राज्य था, उसमें जो पिछड़े लोग थे जोकि उच्च जाति के नहीं थे, जिनके हाथ में हुकूमत नहीं थी, वह उनको मिल गई। महाराष्ट्र के उच्च जाति के लोगों ने अगर कोई अच्छी बात की है तो वह यही की है।··· (**व्यवधान**)···

मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि आज हम क्या देख रहे हैं। आज एलेक्शन्स कैसे हो रहे हैं ? लोगों की शिकायतें आती हैं कि आदमी लट्ठ लेकर खड़े हो जाते हैं और लोगों को वोट डालने नहीं देते हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, सभी जगह ऐसा हो रहा है। प्रत्याशी कत्ल कर दिये जाते हैं। फिर यह कैसे चलेगा ? अभी कल परसों हमारे पुराने मित्र श्री जयप्रकाश नारायण ने एक मीटिंग बुलाई थी, सभी पार्टीज़ के प्रतिनिधियों की। पंचायतीराज के बारे में चर्चा हुई। मुझे दुख होता है क्योंकि मैं एडवोकेट हूं डिमोक्रेटिक डिसेन्ट्रलाइजेशन का। श्री गायकवाड़ और मौर्या साहब ने कहा कि पंचायतों को ज्यादा अधिकार दिए जाने चाहिए लेकिन दरअसल बात यह है कि अगर उनको ज्यादा अधिकार दिये जांय तो फिर जो उच्च जाति के लोग हैं, जिनके पास मिल्कियत है, वे हावी हो जाते हैं और वे पिछड़े को न्याय नहीं देते हैं।

यह उनकी शिकायत है। यह आम लोगों को वोट देने का अधिकार हमारे लोकतंत्र की आत्मा व प्राण है। स्वर्गीय डा० अम्बेडकर ने सन् 1930 में फर्स्ट राऊंड टेबुल कान्फ्रेंस के अवसर पर उधर के लोगों को अर्थात् ब्रिटिश गवर्नमेंट को कहा था कि भारत देश को आजादी देनी चाहिए और वह उसे दो साथ ही ऐडल्ट सफ्रेंज का अधिकार भी वहां की आम जनता को प्रदान किया जाय। हमारे गरीब लोगों के पास न जमीन है न प्रतिष्ठा लेकिन उनको वोट का हक़

[श्री एस० एम जोशी]

अवश्य दे दिया जाय। उन्होंने उस वक्त कहा था कि इस वोट के हथियार के जरिए गरीब भारत की जनता तरक्की करेगी। लेकिन आज हम क्या देखते हैं? वोट देने का हर एक को अधिकार है लेकिन बेचारे गरीब लोगों को डराने के लिए और उनका वोट का हक खत्म करने के लिए लठैत खड़े करवा दिये जाते हैं। इस तरह से लठैतों से जो गरीब वोटर्स को आतंकित कराया जाता है उसके लिए मैं किसी एक पार्टी को दोष नहीं देता। बहुत सारी पार्टियां उसमें शामिल हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि जो लोग इस तरह लाठी लेकर गरीब लोगों को वोट डालने से मना करते हैं क्या वह लोकतंत्र का खून नहीं कर रहे हैं? हर एक वोटर पूरी आजादी के साथ अपने वोट का इस्तेमाल कर सके इसके लिए हम लोग क्या कर रहे हैं? इस तरह की गड़बड़ के चलते यह हमारा पंचायती राज्य कैसे चल सकता है? अस्थिरता का यह दूसरा कारण है।

तीसरा कारण यह प्रादेशिक विषमता है और हुकूमत की तरफ से सवालों को फैसला करने में आना-कानी करना। अभी तेलंगाना प्रदेश के निर्माण के लिए आंध्र के लोगों ने कह दिया कि वह उसके समर्थक थे लेकिन आपस में लड़ाई क्यों हो गई? विकास का काम ठीक तरह से नहीं होता है। तेलंगाना की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता और विकास में विषमता आती है।

इसी तरह बम्बई में शिव सेना की वर्तमान गतिविधियां ठीक दिशा में नहीं चल रही हैं। मैं मानता हूं कि संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन के लिए मैं जिम्मेदार हूं। यह सही है मैं संयुक्त महाराष्ट्र की लड़ाई में हिस्सा लेने वाला हूं। मैं उसके वास्ते जिम्मेदार हूं और जो गलतियां हो गई उनके लिए भी मैं अपनी जिम्मेदारी क़बूल करता हूं। वैसे हम लोगों ने उस वक्त भी बार-बार कहा था। हम जो राज्य चाहते हैं उसके माने यह नहीं है कि दूसरे इलाकों के लोग और दूसरी भाषा भाषी लोग महाराष्ट्र में नहीं रहेंगे। वह रहेंगे और उनका और मराठी बोलने वालों का अधिकार यकसां होगा। लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आज वह हम कर नहीं पाये। आखिर इसका क्या कारण है? मैं उस ओर सिर्फ इशारा करते हुए कहना चाहूंगा कि जो फैसले होते हैं वह जनता की सलाह मशविरे से नहीं होते हैं। महाजन कमिशन जब नियुक्त हो गया तब इस सवाल को लेकर जो लोग महाराष्ट्र की जनता का प्रतिनिधित्व करते थे उनसे सलाह मशविरा नहीं हुआ। यहां पर बार-बार मैंने यह बात कही है। हुकूमत जब लोकतांत्रिक तरीकों की उपेक्षा करती है तब शिव सेना जैसी रीजनल शौवेनिज्म को बढ़ने का मौका मिलता है। वे रीजनल शौवेनिज्म को लेकर अपनी लड़ाई लड़ते हैं। तब मेरे जैसे लोग जो कि लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले हैं वह बेकार रह जाते हैं। फिर मामला उस तरह के शौवेनिस्ट लोगों के हाथ में चला जाता है। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसे मामलों को हम जल्द से जल्द सुलझायें और जितने भी जनता के प्रतिनिधि हैं, सही मायनों में जो कि जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं उनके पास बैठ कर यह मामले फैसल होने चाहिएं।

प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने कहा कि हमारे साथ सहयोग करें। राष्ट्रपति जी भी कहते हैं कि सब लोगों को सहयोग करना चाहिए। बात उनकी ठीक है लेकिन सहयोग के लिए कुछ नीतियों की आवश्यकता है। आखिर उनसे कोई जाती दुश्मनी तो है नहीं जिसके लिए कि हम यहां पर बैठे हुए हैं। हम पहले सन् 1948 तक कांग्रेस में थे और अब जब कांग्रेस से अलग हो गये तो हमारे नेताओं को मंत्री नहीं बनाया गया इसलिए नहीं हुए। दरअसल नीतियों का हममें विरोध रहा, नीतियों को लेकर आपस में मतभेद रहा। हम कहते थे कि समाजवाद इस देश

में चाहिए और उन दिनों उन कांग्रेसियों ने कहा कि समाजवाद नहीं चाहिए। इस समय यहां पर डिप्टी प्राइम मिनिस्टर नहीं हैं वरना मैं बतलाता कि मुरारजी भाई के साथ तब हमारी इस बारे में बातचीत हुई थी। हमारा राष्ट्रीय सेवा दल जो कि एक कंस्ट्रक्टिव काम करने वाला संगठन था उसको करीब-करीब गैरक़ानूनी बना दिया गया था। मोरारजी भाई के साथ हमारी बातचीत हुई और मैंने उनसे पूछा कि आख़िर आप हमसे नाराज क्यों हैं और ऐसा क्यों किया गया? इस पर मोरारजी भाई ने कहा कि तुम्हारे लोग वहां जयप्रकाश नारायण की जय बोलते हैं और कहने लगे हैं कि वह समाजवादी हैं। मैंने कहा कि यह बात नहीं चलेगी और क्या आप इसकी गारन्टी दे सकते हैं कि आप आगे चलकर समाजवादी नहीं हो जायेंगे? अब वह कहते हैं कि हम भी समाजवादी हैं। लेकिन मेरा कहना है कि वह उनका समाजवाद खोखला रह गया है। दरअसल वह समाजवाद नहीं है और इसी कारण हम उनके विरोध में हैं। उनसे हमारी जाती दुश्मनी नहीं है जो कि हम विरोध में हैं। हम क्यों दुश्मनी करें? जब हम पर बेजा आरोप लगाया जाता है तो गुस्सा आ जाना स्वाभाविक है। चूंकि हमारे मधुलिमये एक नौजवान हैं इसलिए उन्हें गुस्सा भी ज्यादा आ जाता है। मुझे भी आता है, लेकिन मैं गुस्सा बार-बार नहीं करता हूँ। हमने प्रधानमंत्री जी को कहा कि उनको देश की आजकी स्थिति में 20 लाख का नया मकान बनवाने की कोई जरूरत नहीं है। ऐसा हम क्यों कहते हैं? चीज यह है कि हम लोग भी तो महात्मा गांधी की शिक्षा में पले हैं और हमारे उधर के मित्र भी उनकी उपासना करते हैं। "अनटू दी लास्ट" रस्किन की जो किताब थी और जिसको लेकर महात्मा गांधी चाहते थे कि देश में वैसी हालत बने। देश में जब हम करोड़ों लोगों को घर नहीं दे सकते हैं तब हमारे लिए यह अच्छा नहीं लगता कि हम इस तरीके से बड़े-बड़े आलीशान बंगलों में रहें। इसी चीज को मद्देनजर रखते हुए महात्मा गांधी ने कहा था कि कांग्रेसी मंत्री लोग 500 रुपया प्रतिमास तनख्वाह लें। गांधी जन्म शताब्दी जब हम इस साल मनाने जा रहे हैं तब ख़ास तौर पर इस तरह की फिजूलखर्ची को रोकना चाहिए था। अगर बिलकुल इसे ख़त्म नहीं कर सकते थे तो फिलहाल अभी इसको मुल्तवी रखने में क्या नुकसान था? इसी तरह गांधी जी की जन्म शताब्दी को लेकर भी सरकार के द्वारा बहुत फिजूलखर्ची हो रही है। इस क़दर फिजूलखर्ची करने की कोई जरूरत नहीं है। यह जो बड़ी-बड़ी किताबें छपवाई जाती हैं वह बेमानी हो जाती हैं जबकि देहातों में हमारे छोटे-छोटे बच्चों को खाना मयस्सर नहीं होता है। हम लोगों को इस हालत को ठीक करना चाहिए। आज देश में डबल स्टैन्डर्ड चल रहा है। दो नीतियां और दो दुनिया चल रही हैं। एक दुनिया महाजनों के लिए तो दूसरी दुनिया बहुजनों के लिए है। अगर वाक़ई यह सरकार पावरटी को बार बेसिस पर फ़ाइट करके देश से ख़त्म करना चाहती है तो फिर जाहिर है कि इस तरह से नये मकान बनाने की फिजूलखर्ची से बाज आना चाहिए। मैं पूछना चाहता हूँ कि जब हम वार करते हैं, लड़ाई लड़ते हैं तो क्या हम जनरल के लिए मकान बनाते हैं? जनरल को तो एक खेमे में बैठना पड़ता है, उसे धूप, सर्दी और बारिश में बाहर रहकर काम करना पड़ता है और लड़ाई लड़नी पड़ती है। इसलिए अभी हमें प्रधानमंत्री या अन्य मंत्रियों को अधिक सुविधाएं देने के बारे में नहीं सोचना चाहिए।

जब आज बड़े-बड़े कारख़ाने बनते हैं तब पहले क्या बनता है? पहले बड़े-बड़े अफसरान के लिए ऐयरकंडिशंड मकान आदि बनाये जाते हैं। पहले वह सब चीजें बनाई जाती हैं। लेकिन वह बेचारे मजदूर जो कि

[श्री एस० एम० जोशी]

उन कारखानों में काम करते हैं उनके लिए कुछ नहीं होता है। मैंने पूना कारपोरेशन को सुझाव दिया था कि उनके मास्टर प्लान में हर एक जगह जहां भी इंडस्ट्रियल ऐरिया बनें वहां 5-5 और 6-6 एकड़ भूमि मजदूरों के झोंपड़ों के लिए रिजर्व करदी जाये। अगर अब बड़े-बड़े कारखानेदार गरीब मजदूरों के लिए आवास का प्रबन्ध नहीं करेंगे तो आप ही बतलाइये वह हमारे बेचारे गरीब मजदूर कहां जायेंगे? अब शिव सेना के लोगों द्वारा उन बेचारे गरीब लोगों के बम्बई में बने हुए झोंपड़ों को जलाया जाना अनुचित बात थी। अब बेचारा वह केरल वाला आदमी अपना घरबार छोड़कर इसलिए बम्बई में नौकरी करने आता है कि वहां उसका पेट नहीं भरता और पेट की खातिर वह इतनी दूर बम्बई में नौकरी, मजदूरी करने के लिए आता है। केरल वाले बेचारे गरीब मजदूरों की शिव सेना के लोगों द्वारा झोंपड़ियों को जलाया जाना एक सरासर ग़लत बात थी और मुझे उसके लिए शर्म आती है। संयुक्त महाराष्ट्र की लड़ाई में अगर किसी राज्य के लोगों ने हमारा समर्थन किया है तो वह केरल राज्य है। सभी और लोग हमें उसके लिए गालियां देते थे और गुंडा समझते थे लेकिन केरल राज्य ने हमारी उस संयुक्त महाराष्ट्र की मांग का समर्थन किया। इसलिए उनके साथ जो सलूक वहां पर किया गया उसके लिए मुझे बड़ी शर्म आती है।

मैं आप से कह रहा था कि यह दुहरी नीति चल रही है। मैं कोई जाती बात नहीं कहना चाहता हूं इसलिए प्रधान मंत्री जी इसे जाती बात न समझें। अभी एलैक्शन के सिलसिले में जब प्रधान मंत्री जी बिहार जाती थीं तो उनके लिए पूरा प्रबन्ध सरकार की तरफ से होता था। रुपया पैसा भी ट्रेजरी से ही खर्च होता है, लेकिन इसके विपरीत मांगने पर भी हम लोगों के लिए साधारण सी सहूलियत भी मुहैय्या नहीं की जाती है। मैं अपना ही केस इस बारे में बतलाऊं कि मैं एक विरोधी दल का अध्यक्ष हूं और मैंने दरभंगा के कलक्टर को टेलीग्राम दिये कि मैं फलां तारीख को रात को वहां पर आने वाला हूं और मुझे सरकिट हाउस में सोने के लिए जगह दे दी जाये। जब मैं वहां पर रात को साढ़े ग्यारह बजे पहुंचा तो मालूम पड़ा कि मेरे लिए जगह नहीं है। एक कमरा खाली था और उसमें ताला लगा हुआ था। जब मैंने उसकी बाबत पूछा कि ऐसा क्यों है तो बतलाया जाता है कि जो बड़े साहब होते हैं उनके लिए एक कमरा रिजर्व रक्खा जाता है। जब मैं बाहर बरामदे में सोने की कोशिश कर रहा था तो बम्बई के एक अफसर जो कि वहां पर ठहरे हुए थे उन्होंने मुझे पहचाना और उन्होंने मुझे एकोमोडेट किया। अब पार्लियामेंट के एक मैम्बर होने के नाते हमें भी कुछ आवश्यक सुविधा का अधिकार है या नहीं? जब हम प्रचार करने के लिए जाते हैं तो हमें कम से कम एक रात के लिये ठहरने के वास्ते कमरा तो मिल ही जाना चाहिए लेकिन वह हमारे लिए नहीं होता है। इसीलिए मैंने कहा है कि यह दुहरी नीति चल रही है। यहां हम जब पार्लियामैंट में बैठते हैं तो यह सुझाव चल रहा है कि हम पार्लियामेंट के मैम्बरों की तनख्वाह बढ़नी चाहिए और जो हमारा डी० ए० है वह भी बढ़ाया जाना चाहिए।

क्यों भाई, उस वक्त आपको खेतिहर मजदूरों की बात याद नहीं आती? जब हम नीड-बेस्ट मिनिमम बेज मांगते हैं तब खेतिहर मजदूर की बात याद आती है, गरीब की बात याद आती है। ऐसी स्थिति में यह दावा नहीं रहना चाहिये कि हम वार फूटिंग पर पावर्टी से लड़ रहे हैं। यह दोहरी नीति चल रही है। जो महाजन लोग हैं उनका फ़ायदा होता है और जो बहुजन हैं उनकी बात नहीं होती।

15. hours

एक माननीय सदस्य : बहुजन के प्रतिनिधि हैं ।

श्री एस० एम० जोशी : इसी लिये तो मैं लड़ता हूँ ।

अब आप कानून की बात देखिये । क्या कानून का फायदा गरीब को मिलता है, देहात में जो गरीब आदमी पीटा जाता है उसको कानून का फ़ायदा मिलता है ? नहीं मिलता । जो शहरों में रहते हैं जिसके पास रुपया पैसा है, जो चिल्ला सकता है, पेपर वाले जिसकी बात कहते हैं उसको मिलता है । हमें कुछ नहीं मिलता । **आई एम स्पीकिंग फार दि क्लायेंट,** हम लोगों को नहीं मिलता । जब तक यह दोहरी नीति खत्म नहीं होती, तब तक यह जो स्ट्रगल ज्यादा से ज्यादा बढ़ती जायेगी वह और बढ़ेगी । इसलिये जो उथल-पुथल है उसको दूर करने के लिए रास्ता बनाना होगा । रास्ता क्या होना चाहिए ? आपकी नीति में बुनियादी परिवर्तन होना चाहिये ।

जो कुछ बम्बई में हुआ, मैं कहता हूँ कि उसके लिये एक एन्क्वायरी कमिशन होना चाहिए । और इन्क्वायरी कमिशन से उसकी जांच कराई जानी चाहिये ।

इसके बाद मैं कहना चाहता हूं कि आज कल विक्टिमाइजेशन शब्द का इस्तेमाल किया जाता है । हमारे अधिकारीगण, कांग्रेस के मित्र और श्री यशवन्तराव जी भी कहते हैं कि जो कानून तोड़ेगा क्या उसको सजा नहीं दी जायेगी ? इसमें विक्टिमाइजेशन क्या है ? मैं पूछना चाहता हूं कि हमारे जिन शिक्षकों ने बहुत कामयाबी के साथ अपनी लड़ाई लड़ी, गैर-कानूनी स्ट्राइक में हिस्सा लिया और 35 दिन तक लिया, उनको तो आपने छोड़ दिया, लेकिन दूसरों को आपने सजा दे दी । एक ही गुनाह दो आदमी करते हैं, एक को सजा और एक को सजा नहीं, यह विक्टिमाइजेशन नहीं है तो फिर क्या है ?

एक माननीय सदस्य : उन्हें भी सजा दी जायेगी ।

दूसरे माननीय सदस्य : दोनों को छोड़ो ।

श्री एस० एम० जोशी : मैं कह रहा हूँ कि दोनों को छोड़ो । क्या हमने कोई गुनाह किया है ? अगर गुनाह किया है तो तुमने किया है । हमारे साथ जो वादा किया गया था उसको तोड़ा गया है । हमने कानून तोड़ने के लिए कुछ नहीं किया था, सिर्फ प्रोटेस्ट के लिए किया था । इसके लिये विक्टिमाइजेशन नहीं होना चाहिए ।

हमारे सामने बार बार कहा जाता है कि हमें सहयोग दो । कैसे सहयोग देंगे हम आपको । हमारे यहां के लोग आज दो सालों से लड़ रहे हैं, स्टैन्डिंग कमेटी के लिये कि स्टैंडिंग कमेटी को अधिकार दो । आज देश में बात चल रही है राष्ट्रीय हुकूमत की, एक नैशनल गवर्नमेंट की । **गवर्नमेंट आफ दि टेलेन्ट्स** की बात चल रही है । लेकिन वह हो नहीं सकता । सब लोगों का एक राज्य नहीं हो सकता क्योंकि नीतियों में टकराव है, लेकिन यहां पर जो लोग हैं वह सब जनता के प्रतिनिधि हैं, कम से कम उनका सहयोग वहां स्टेंडिंग कमेटियों में तो मिल सकता है । मगर बहुत से फैसले आप पहले ही कर लेते हैं । जैसे रेलवे मंत्री ने कहा कि हमने कोई भी दर नहीं बढ़ाई है, लेकिन 1. 3. 69 से उन्होंने 10 प्रतिशत फ्रेट बढ़ा दिया है, उसका फैसला उन्होंने बिना पार्लियामेंट से पूछे हुए किया । क्या यह सहयोग लेने का तरीका है ? हमसे आप कहेंगे कि हम आपके सहायक हों, लेकिन स्टैन्डिंग कमेटी जो बनी थी उसको आप तोड़

[श्री एस० एम० जोशी]

रहे हैं। लेबर के बारे में स्टेन्डिंग कमेटी बनी थी और यह कन्वेंशन था कि लेबर की स्टेन्डिंग कमेटी में जब तक चर्चा नहीं हो जाती तब तक कोई कानून यहां नहीं बनेगा, लेकिन मजदूरों के अधिकारों को कानून द्वारा छीन लिया गया। जो चीज बन चुकी थी उसको भी सरकार ने तोड़ दिया।

अब आप एजुकेशन कमेटी को देखिये। अगर स्टेन्डिंग कमेटी होती तो 35 दिन तक शिक्षक लोगों को अपनी लड़ाई न करनी पड़ती। 35 दिनों तक उत्तर प्रदेश के टीचर्स ने स्ट्राइक किया।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : आज तक डिग्री कालेज का स्ट्राइक चल रहा है।

श्री एस० एम० जोशी : आज कल जो एजुकेशन मिनिस्टर हैं, उन से मैं कहना चाहूंगा कि दिल्ली में जो स्कूल आफ़ इंटरनेशनल स्टेडीज है, उसकी रिपोर्ट निकली तो मालूम हुआ कि उसके लिये पहले जो 15 लाख रु० की ग्रान्ट थी वह अब 10 लाख रु० कर दी गई है, बिना किसी से पूछे हुए। उनके डाइरेक्टर से भी नहीं पूछा। पूछें भी किस से, कोई स्टेन्डिंग कमेटी तो है नहीं, अगर स्टेन्डिंग कमेटी होती तो इस तरह से फैसला नहीं हो सकता था। जिसमें हमारे साथ विचार-विमर्ष नहीं, उसको आप लोकतंत्र कैसे कहेंगे।

मैं एक और बात कहना चाहता हूं। हमारे हजारों आफिसर्स इमर्जेन्सी कमिशन के हैं। यहां पर चर्चा चलती है कि उनको आहिस्ता से निकाल दिया जायेगा। क्या स्टेन्डिंग कमेटी में बैठ कर विरोधी दलों के साथ मिलकर रास्ता निकालने की तैयारी आप की है? आप यही कहते रहते हैं कि हमें सहयोग दो, सहयोग दो। मराठी में एक कहावत है कि "काशी सजावे नित्य वदावे" काशी को चलो, काशी को चलो, ऐसा कहते रहो नहीं गये तो कोई परवाह नहीं है। इसी तरह से कहते रहते हैं कि सहयोग दो। क्या खाक सहयोग दो। कैसे सहयोग हो सकता है? हमारी जो मांगे हैं उनको कोई सुनता ही नहीं है तब हमारे लिये रास्ता ही क्या है? जो गरीब लोग हैं, जिनके ऊपर ज्यादती होती है वह उसके खिलाफ लड़ते हैं। उन्हें शांतिप्रिय और लोकतांत्रिक तरीके से सहयोग देकर उनका मार्गदर्शन करना यही हमारा काम है। जितना हमसे हो सकेगा हम करेंगे। मगर मुझे लगता है कि तब तक यह उथल-पुथल खत्म नहीं होगी जब तक जो देश का सन्तुलन आज खत्म हो रहा है उसको उच्च स्तर पर दुबारा ठीक नहीं किया जाता। जब तक ऐसा नहीं किया जाता तब तक देश में स्टेबिलिटी नहीं आयेगी। मैं जानना चाहता हूं कि क्या बिहार में स्टेबिलिटी है, उत्तर प्रदेश में स्टेबिलिटी है, हरियाणा में स्टेबिलिटी है? कहां है। आपने यह किया है कि स्टेबिलिटी देते देते स्थिति को ज्यादा अनस्टेबल बनाया है। मैं गुस्से से नहीं कहता हूं, लेकिन आप को बतलाना चाहता हूं, कि जब तक आप जड़ में नहीं जायेंगे तब तक गरीब और अमीर के बीच का टकराव चलता रहेगा और मेरे जैसे लोग गरीबों की सहायता करते रहेंगे।

SHRI BAKAR ALI MIRZA (Secunderabad): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I rise to support the Motion of Thanks to the President for his Address.

My hon. friend, Mr. A. K. Gopalan, started with the students' problem. He said that students are frustrated and, later on, he amplified that there is the question of unemployment leading to greater unrest. Many opinions are given for students' unrest. Some say that there is not sufficient contact between the teachers and the taught and some stress the question of unemployment. But I wish to draw your attention to the fact that if that is so, why there is so much of unrest in the affluent world. It is a world phenomenon and, if it is a world phenomenon, it has to be understood in those terms. Some

rational explanation has to be given for this world phenomenon.

I think, the students today, in the twentieth century, are functioning under a special psychological impact and the reason for that is that our environment has changed much. Uptill now, specially after the Industrial Revolution, there has been a conflict between science and religion and between science and dogmas and so on. So far, they have succeeded in the nomination of science over dogmas. We have also succeeded in having democratic forces, having sway over feudalism. Now, there has been some qualitative change and that qualitative change is the existence of atomic energy. It might appear farfetched. But I would like you to kindly consider that. The atomic energy has made it possible not only to destroy the world but also to build cities in the middle of the ocean and, in space, even to land on the moon.

It is achieving those things which were not conceived as possible even in imaginary writings and novels. Therefore, while from the time of Upanishad to the present day the realm of thought was considered beyond definition, today under the present atomic energy sway the realm of achievement is beyond description. There is a great deal of difference between the two. This concept creates certain psychological impetuses, certain psychological moods, and this has to be understood. We are changing our attitudes towards religion, towards political institutions, towards political philosophy and so on. Why ? It is because of this vital qualitative change in our environment; it is because all these institutions, and even religion, were born in an evironment which is foreign today, which is different today, to our environment. Therefore, the question is going on, and the student community feel it instinctively; there is a resistance, there is a desire for change; it is inherent in the situation; they do not know why; they do not know 'for what', still it is there; just as an animal in a forest feels instinctively the approach of a prowl, the youths of today are feeling the same approach and are reacting to it. Therefore all those who want to solve this question of student problem in 19th Century or early 20th Century terms are bound to fail.

Society is never ahead of time. It has to be pulled up and pulled out from certain situations. If there is the need for change which the student communiy or the youth do not follow it does not affect us because we are in the passing phase; it does affect them because they are young—and if you accept this hypothesis, then the only way to channelise these new urges is not by giving a few ministerships to some young men here and there; in order to channelise the urges, we must get the whole current and see that it mixes with the main-stream. That can be done if you decrease the age for voting from 21 to 18 years; then the politicians and statesmen will come in direct contact with that age-group, which is vital and which is important. If you want so draw up this vital and new force, this is the only way. It might look that we are bringing children, that 18 seems to be a very young age. But I would like to say that today boys and girls mature much earlier than what they used to do in our time, they are far maturer today; a boy of 18 years today is far more mature than a boy of 21 or 22 twenty years back. Therefore, from that point of view also it would be to our advantage to consider this. Therefore, I submit that this House might consider this proposal and the reasons behind it.

Another point that Shri A. K. Gopalan stressed was about agricultural production. He was not satisfied with the figures given by the President in his Address. Statistics is a peculiar thing. It can be moulded and can be altered and made to serve more than one purpose. Therefore, it is quite possible that the view that my hon. friend is taking from the position where he stands it different from the view taken by this side on the same question. That apart, I would have like to ask him one thing. In his whole speech he has been condemning Government and saying that all that has been stated in the Address is a tissue of lies misstatements and so on; he has said that the industrial progress is not very good and that agricultural production is

[Shri Bakar Ali Mirza]

not what it is stated to be and so on. But he does not say what we should do. For, after all, the year that has gone has gone. Now, we are planning for the year ahead. What does he propose that Governmhnt should do so that at least next year things could be better ? But there was not a word on this in his whole speech.

He was talking about agrarian revolution. I welcome this change, for, after all, if we increase the earning capacity of the agricultural sector, we get more in return than by increasing the earning capacity of the industrial or commercial sector, because in the agricultural sector, the number of people involved is large, and a small change means that we have to multiply it by millions. Therefore, it is very important that we stress on agricultural development. But I submit that the green fields would have been greener still it they had been fertilised a little more by land reforms. I thought that at least Shri A. K. Gopalan would mention that. We have been saying this over and over again but we have ignored it in practice. Last year, while replying to the debate on the Demands of his Ministry, Shri Jagjivan Ram had said that land reform was important and it should be attended to and looked after. I suppose this year also he will say the same thing and will continue to say the same thing. Probably all we can do is to accompany him chanting all the time *Ram Ram sath hai* After all, even American experts have advised us to introduce land reforms. They have introduced it in Japan and in Formosa. But here we are proclaiming a socialistic pattern of society as our aim and yet we cannot squeeze these little land reforms in that pattern. If agriculture is to be more prosperous; then land reform is a must.

About the industrial sector, there is, of course, some improvement in exports, but we have also to take into account devaluation. If you do that, the picture is not so bright. Anyway, if you want prosperity in the industrial sector, we have to accept some kind of automation and also computerisation. I know I am treading on an unpopular area in advocating this course because most MPs, specially labour laders, contend that it will lead to unemployment. But let it be remembered that the same thing was said by labour leaders when the industrial revolution started. They threw stones and wrecked factories, machines and so on accusing them as the biggest enemy of labour. But it was found that it was the same machines which proved the biggest friend of the labour class.

Therefore, today also if you want to compete in the world, you must have the most efficient system of production. Then the countries new in the field have got an advantage in switching over, because the old countries have got their own old factories and machines and they have to scrap them all and put in new ones. Whereas we are starting afresh and can take advantage of the latest advances made in the field. Hence automation and computerisation is a must if we want progress in industry.

Take, for example, the data lying there more than 100 years unprocessed in the Dehra Dun Forest Research Institute. With their present equipment, the statistics research department will take years and years to process them. But this can be done in a few months' time by applying these latest techniques and the knowledge gained can be applied to advantage all round.

There is also another advantage. It shows which is the most economical way of doing a thing. You have only to feed the machine with data concerning the two things. It will tell you which is the more advantageous course to adopt.

Let us decide as a compromise that all the export industries will be equipped with the latest automation, machines and computers, for our internal consumption industries, we use the old type of machinery. I go further and say. Let all the factories, say, cotton mills, be equipped with auto-

matic looms and automatic spindles, and let khadi only be utilised inside the country. This will give employment to millions. But they are not ready to accept that. They do not want to go one extreme or the other, but want to stay put. This is not a very healthy state of affairs.

In conclusion, I want to say this—and I do so with a great deal of pain. Our relationship with China is not good, is not as it should be. What it should be in future is a question of foreign policy which I am not touching now. But apart from that, there is the question of development. We were far ahead of China in 1945. We negotiated the transfer of power; of course, there was bloodbath, Communal riots and all that. But there was no destruction of property. China went through 20 years of war; the country was ravaged. But today after 20 years, they are manufacturing the hydrogen bomb. Through their exports, they have wiped out their foreign debt, paid every pie of it.

But what is wrong with us that we have accumulated aid to the tune of Rs. 6000 crores, on servicing which alone we have to pay Rs. 300 crores annually ? Why is it that our position is not so good as that of China in this respect ?

Today the Chinese are respected more than the Indians. Therefore, I ask the Government to ponder seriously why we are in this way.

Lastly, if we are to progress as my hon. friend Mr. Joshi said we have to make sacrifics and we hove to take up a position in which we have ways to indicate to the common man and so let the path of austerity be our guideline. Let all Ministers, as Gandhiji advised, take up small houses. There is the Rashtrapati Bhavan for inviting foreigners and holding banquets and so on. This idea of high and low should disappear. It is only when we identify ourselves with the common man and when he sees that we are also suffering, he would offer his cooperation and he will also sacrifice.

Today smuggling is going on and every conceivable thing is available here. Our bazars in Bombay and Delhi are packed with goods, more than the biggest bazars in the Soviet Union. Go to Moscow; you will not get many of the consumer goods that you get here, such as the transistor, foreign blades, etc. Why should it be like this ? I am glad that the Deputy Prime Minister has taken some steps to check smuggling and I wish him all success.

SHRI J. B. KRIPALANI (Guna): The President's speech, as usual, is an exercise in futility. He has done one thing; he has reminded us that this is the year of Gandhi Centenary. And many ideas and ideals come to our mind. Did it occur in this year to his Government that he need not traverse the great distance of half a mile in a mediaeval carriage drawn by six or four horses ? Has this anything to do with modernism ? Has it anything to do with science about which we boast ? Has it anything to do, above all, with our dignity as Indians ? I remember Mountbatten, when he ceased to be the representative of the King Emperor, telling us that as a representative of the people—because we had appointed him as Governor General—he did not think it necessary to live in that palace. He wanted to live in Trimurthy House. But our Jawaharlal told him that there was no need for that because 'you will be here for four or five months more.' That meant that after four or five months that house would be used for the purpose for which Gandhiji wanted it to be used. Women are generally more conservative. One day Lady Mountbatten told me: Mr. Kripalani, this is a beautiful palace; see that it is not turned into a hospital but it is turned into a museum. Today, Rashtrapati Bhavan is managed as a township. It has got all the arrangements that a town has—cinema hall and everything.

Is that necessary ? It may have been necessary for those who wanted to rule over us. They wanted to impress us with their pomp, with their glory, with their powers. Does our President, Rashtrapati, want to impress upon us his might ? His might is that of the people, and why should he or the Governors live in houses where our rulers lived ? They are not ruling they have to

[Shri J. B. Kripalani]

perform only formal and ceremonial functions. Why should they live in a more costly buildings and more grand style than those who actually conduct the Government ? Why cannot our Rashtrapati live even as our Prime Minister lives ? She is not living in a very poor and dilapidated house. The expenditure on her house is not negligible. Why can't the Governor in a State live as a Chief Minister lives ? Should we make ourselves ridiculous by adopting these foreign customs ?

I was at a table of one of these dignitaries : believe it or not : the lady, an old-type woman, was sitting at the table and instead of using a fork and a knife, she was using two forks ! Why should we make ourselves ridiculous. Even if the Rashtrapaty has got to keep some kind of digniti, let it be the dignity of a Nawab, a Rajah; not of our rulers who terrorised over us for a couple of centuries. These reforms will give us so much economy. And then, when this fashion is set, other people will also follow the same example. Does the Government want, as it happened in the case of so many statues of the foreign satraps that were decorating our capital, that their heads be needlessly beheaded ? They could have removed them at once to a museum but they waited till these innocent peoples' heads were cut off : the faces of some of them were blackened. Why do you wait that somebody may go on a hunger-strike before the Rashtrapati Bhavan and say, "He shall not go from his house unless he goes in a motor-car ?" It will save him time; it will be more dignified; it will be more modern; it will be more fashionable, and it will not remind us of our slavery after 21 years.

Then, the Rashtrapati has talked of integration. I am afraid, Sir, this word finds expression in every meeting of ours; every reformer, every leader, talks of integration. Nowadays they talk of emotional integration. I see emotional integration is going on throughout the world, in every country, in every corner, in every house, at every place. You will find it in our poetry, in our music and song. You will find it even in the cinema music that we are forced to swallow : what is called film music. Are things to be done emotionally or are they to be done rationally ? I do not know who invented this stupid word of emotional integration.

